संक्षिप्त समाचार.....

दीपावली से पहले राजस्थान के इस शहर में मिला अवैध पटाखों का बड़ा जखीरा

टोंक। दीपावली से पहले पुलिस ने अवैध पटाखों के भंडारण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए देवली शहर के रीको एरिया और पनवाड़ मोड़ सहित विभिन्न स्थानों पर दबिश दी। पुलिस ने गोदामों और दुकान से विभिन्न ब्रांडों के पटाखों से भरे 250 से अधिक कर्टन जब्त किए है। जब्त सामग्री की कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपए बताई गई है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर विस्फोटक अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक रोशन मीणा के निर्देश पर डीएसटी टोंक के प्रभारी ओमप्रकाश और देवली थानाधिकारी प्रीति रत्नू के नेतृत्व में संयुक्त टीमों ने बुधवार रात कार्रवाई की। जांच के दौरान देवली के रीको एरिया, पनवाड़ मोड़ और शहर में आरोपी रोहित जैन के गोदामों, किराए के गोदाम तथा दुकान पर पटाखों का भंडारण मिला। पुलिस ने मौके से 250 से अधिक कर्टन जब्त किए। दीपावली के मद्देनजर पटाखों की मांग बढ़ने के बीच पुलिस की इस कार्रवाई को अहम माना जा रहा है। बड़ी मात्रा में पटाखों का भंडारण मिलने के बाद पुलिस संबंधित नियमों और परिस्थितियों की जांच कर रही है। हालांकि, पटाखों के भंडारण को लेकर लाइसेंस या अन्य अनियमितताओं के संबंध में जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

राजस्थान पुलिस कार्मिक कल्याण न्यास की न्यासी समिति की 53वीं बैठक

जयपुर। राजस्थान पुलिस कार्मिक कल्याण न्यास की न्यासी समिति की 53वीं बैठक गुरुवार को पुलिस मुख्यालय में हुई। समिति के अध्यक्ष एवं महानिदेशक पुलिस श्री राजीव कुमार शर्मा की अध्यक्षता में वर्ष 2025-26 के आय-व्यय का अनुमोदन किया गया। इसके बाद पिछली बैठक के निर्णयों की अनुपालना की समीक्षा के साथ विभिन्न नए प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में न्यास के माध्यम से पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों को मिलने वाली सहायता का दायरा बढ़ाने पर मंथन हुआ। वर्तमान में पुलिस सेवा के दौरान मृत्यु होने या पूर्ण दिव्यांगता की स्थिति में दी जाने वाली 50 हजार रुपए की सहायता राशि बढ़ाने के सुझावों पर भी चर्चा की गई। इसके अलावा पुलिसकर्मियों के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता देने, पुलिस लाइनों में सुविधाओं का विस्तार करने और पुस्तकालय निर्माण जैसे प्रस्तावों पर विचार किया गया। पुलिस परिसरों में हरियाली बढ़ाने के लिए ग्रीन ड्राइव शुरू करने का सुझाव भी सामने आया। बैठक में पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों को जरूरत के समय बेहतर सहायता उपलब्ध कराने तथा कल्याणकारी गतिविधियों को अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया।

कर चोरी के विरुद्ध वाणिज्यिक कर विभाग की बड़ी कार्रवाई

जयपुर। प्रदेश में कर चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा राजस्व संग्रहण को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा विशेष अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में विभागीय अधिकारियों ने 13 एवं 14 अक्टूबर को प्रदेश के विभिन्न जिलों में किराना, निर्माण, मार्बल, हार्डवेयर, लुब्रिकेंट एवं अन्य व्यावसायिक गतिविधियों से जुड़े 8 प्रतिष्ठानों पर सर्वे एवं जांच की कार्रवाई की। इन प्रकरणों में विभिन्न प्रतिष्ठानों द्वारा लगभग 1 करोड़ 43 लाख 67 हजार रुपये की राशि जमा एवं आईटीसी रिवर्स की गई। इसके अतिरिक्त अन्य प्रतिष्ठानों से संबंधित अभिलेखों, स्टॉक एवं कारोबारी लेन-देन की जांच जारी है। विभागीय जांच में कारोबार छिपाने, बिक्री के अनुरूप कर जमा नहीं कराने, गलत तरीके से आईटीसी का लाभ लेने, कर विवरणियों में अंतर तथा निर्धारित प्रावधानों के अनुसार ई-इनवॉइस जारी नहीं करने जैसी अनियमितताओं की आशंका सामने आई है। जयपुर के सी-स्कीम स्थित मैसर्स एजीआरएस वेंचर्स एलएलपी के विरुद्ध अचल संपत्ति निर्माण से संबंधित इनपुट टैक्स क्रेडिट के उपयोग को लेकर जांच की गई। कार्रवाई के दौरान फर्म द्वारा 99.76 लाख रुपये की आईटीसी स्वेच्छा से रिवर्स की गई।

केंद्रीय दल ने राजस्थान में केंद्रीय योजनाओं की प्रगति को सराहा

जयपुर। राजस्थान में पशुपालन विभाग के अंतर्गत चल रही विभिन्न केंद्र प्रायोजित योजनाओं की जमीनी हकीकत और प्रगति का जायजा लेने आया केंद्र सरकार के तीन सदस्यीय विशेष दल का दौरा आज संपन्न हो गया। राष्ट्रीय पशुधन मिशन केंद्र सरकार की एक बेहद महत्वपूर्ण और महत्वाकांक्षी योजना है जिसे पशुपालन, मत्स्य एवं गोपालन विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा राज्य में प्रमुखता से लागू किया जा रहा है। केंद्र सरकार के तीन सदस्यीय विशेष दल ने इस संबंध में श्री विकास सीतारामजी भाले, प्रमुख शासन सचिव और श्री दिनेश कुमार जांगिड़, संयुक्त सचिव के साथ भी विस्तृत चर्चा की। दौरे के समापन पर आयोजित उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में केंद्रीय दल ने राजस्थान में पशुपालकों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर संतोष व्यक्त किया। टीम ने राज्य में हुए कार्यों की सराहना करते हुए मुख्य रूप से मोबाइल वेटरनरी यूनिट, पशु बीमा कार्य तथा टीकाकरण अभियान को उत्कृष्ट बताते हुए राष्ट्रीय पशुधन मिशन के तहत संचालित इंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम योजना की भी सराहना की।

एक साथ उठी पिता और इकलौते भाई की अर्थी, नम हुई सबकी आंखें

दौसा। राजस्थान के दौसा जिले में बिजली करंट ने एक हंसते-खेलते परिवार की खुशियां छीन लीं। गुढ़ाकटला क्षेत्र के ढोलका दांगड़ा गांव में गुरुवार को खेत पर काम करने गए पिता-पुत्र की करंट लगने से मौत हो गई। दोपहर बाद एक ही घर से पिता और बेटे की एक साथ उठी अर्थियों को देखकर हर किसी की आंखें नम हो गई। खुशियों के पर्व और व्रत-त्योहारों से ठीक पहले हुए इस दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया। पड़ोसी के घरों में भी चूल्हे नहीं जले। जानकारी के मुताबिक कोलवा थाना क्षेत्र के ढोलका दांगडा गांव में गुरुवार को बिजली करंट से पिता-पुत्र की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। ढोलका दांगडा गांव निवासी रतीराम गुर्जर (50) और उनके युवक बेटे सचिन गुर्जर (21) गुरुवार सुबह खेत पर काम करने गए थे। काफी देर तक दोनों के घर नहीं लौटने पर रतीराम के भाई सुरेश ने ट्रैक्टर लेकर खेत पर पहुंचकर देखा तो दोनों के शव पड़े थे। उनके शरीर पर जलने के निशान थे।

जयपुर में दो ट्रांसजेंडर दोस्तों से अभद्रता-मारपीट, बाउंसर और कर्मचारियों पर एफआईआर

जयपुर। जयपुर के पॉश इलाके में स्थित एक क्लब में दो ट्रांसजेंडर दोस्तों के साथ मारपीट और अभद्रता का मामला सामने आया है। घटना शहर के जवाहर सर्किल थाना क्षेत्र में स्थित एक चर्चित की बताई जा रही है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि क्लब के बाउंसरों और कर्मचारियों ने उनके साथ ना सिर्फ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया, बल्कि उनके साथ मारपीट की और कीमती सामान भी छीन लिया। इस संबंध में पीड़ित की शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राजधानी के नाइटलाइफ स्पॉट्स और क्लबों में सुरक्षा व्यवस्था व बाउंसरों के व्यवहार को लेकर समय-समय पर सवाल उठते रहे हैं। इस ताजा घटनाक्रम के सामने आने के बाद इलाके में काफी चर्चा का माहौल है। पीड़ित ने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के सुदृढ़ीकरण के प्रयासों के सकारात्मक परिणाम

विगत एक माह में 19 मेडिकल कॉलेजों और 58 जिला अस्पतालों में शून्य मातृ मृत्यु दर्ज



जयपुर/एजेंसी। मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने कहा कि प्रदेश में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के सुदृढ़ीकरण के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं।

प्रसव पूर्व देखभाल, उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं (एचआरपी) की समय पर पहचान एवं प्रबंधन, नियमित मॉनिटरिंग तथा गुणवत्तापूर्ण प्रसव सेवाओं की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। समीक्षा बैठक में प्राप्त जानकारी के अनुसार, अक्टूबर माह में 19 मेडिकल कॉलेजों एवं 58 जिला अस्पतालों में शून्य मातृ मृत्यु दर्ज होना सकारात्मक उपलब्धि है। श्री वी. श्रीनिवास ने गुरुवार को स्वास्थ्य भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठक में प्रसव पूर्व देखभाल सेवाओं, एचआरपी की पहचान एवं प्रबंधन, मातृ मृत्यु, मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, दवाओं एवं सर्जिकल आइटम्स की उपलब्धता तथा रेफरल परिवहन सेवाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने मेडिकल कॉलेजों के अधीक्षकों, गायनी विभागाध्यक्षों, संयुक्त निदेशकों एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों से चर्चा कर फीडबैक लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि गर्भवती महिलाओं को समय पर प्रसव पूर्व जांच (एएनसी) सेवाएं उपलब्ध कराना तथा उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उनका उचित उपचार एवं फॉलोअप सुनिश्चित करना प्राथमिकता है। अक्टूबर माह में 11,928 एएनसी पंजीकरण दर्ज किए गए तथा 6,175 उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को एएनसी कवरेज प्रदान किया गया। उन्होंने सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को माह में दो बार समीक्षा बैठक आयोजित कर एचआरपी की पहचान, प्रबंधन एवं फॉलोअप की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर (ओटी) के निर्माण तथा पुराने ऑपरेशन थियेटर्स को मॉड्यूलर ओटी में अपग्रेड करने के कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के अनुसार, वर्ष 2026-27 में प्रदेश के 35 मेडिकल कॉलेजों में मॉड्यूलर ओटी का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने नए मॉड्यूलर ओटी के निर्माण एवं पुराने ओटी के अपग्रेडेशन के लिए प्रस्ताव तैयार कर केंद्र सरकार को भेजने के निर्देश भी दिए।

मुख्य सचिव ने मेडिकल कॉलेजों एवं अन्य अस्पतालों में दवाओं और सर्जिकल आइटम्स की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि मरीजों को उपचार के दौरान किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। सभी अस्पतालों में आवश्यक दवाओं एवं सर्जिकल आइटम्स की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। मुख्य सचिव ने गर्भवती महिलाओं एवं अन्य जरूरतमंद मरीजों के लिए संचालित 104 जननी एक्सप्रेस तथा आपातकालीन एम्बुलेंस सेवा 108 की उपलब्धता की समीक्षा की।

बागडे ने बेंगलुरु स्थित 'आर्ट ऑफ लिविंग' में आयोजित समारोह में भाग लिया



जयपुर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने बेंगलुरु स्थित 'आर्ट ऑफ लिविंग' की स्थापना के 45 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित समारोह में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने 'आर्ट ऑफ लिविंग' के प्रणेता श्री श्री रविशंकर से संवाद करते हुए उनके 70 वें जन्मदिन को 'सुशासन, सामाजिक सामंजस्य, शांति और सतत विकास' के आलोक में समारोहपूर्वक मनाए जाने को महत्वपूर्ण बताया।

उन्होंने श्री श्री रविशंकर जी के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में मानवीय मूल्यों, शांति एवं सद्भाव के लिए और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की सनातन संस्कृति के प्रसार में रही उनकी भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति मानवीय मूल्यों पर ही जोर देती है।


उन्होंने ज्ञान परम्परा में श्री श्री रविशंकर जी के अवदान की चर्चा करते हुए कहा कि ज्ञान मृत्यु से भी नहीं डरता।

उन्होंने कठोपनिषद में यम–नचिकता के प्रसंग की चर्चा करते हुए कहा कि ज्ञान परम्परा का अर्थ है, सतत चलने वाली दृष्टि। परम्परा का अर्थ जड़त्व नहीं बल्कि युगीन संदर्भों को सहेजते हुए जीवन के उदात्त मूल्यों का प्रसार है।

राज्यपाल श्री बागडे ने इससे पहले बेंगलुरु स्थित 'आर्ट ऑफ लिविंग' इन्टरनेशनल आश्रम में गौशाला का भी अवलोकन किया और वहां संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली।

राजस्थान में विधिक मापविज्ञान प्रकोष्ठ की बड़ी कार्रवाई

बिना सत्यापन चल रहे 79 धर्मकांटे जब्त, भंडारेज टोल प्लाजा के 16 धर्मकांटे भी सीज



जयपुर। उपभोक्ता मामले मंत्री श्री सुमित गोदारा के निर्देशानुसार उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा तथा टोल प्लाजा पर संभावित अनियमितताओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से उपभोक्ता मामले विभाग के विधिक मापविज्ञान प्रकोष्ठ द्वारा 21 एवं 22 अक्टूबर को प्रदेशव्यापी विशेष निरीक्षण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पूरे राज्य में 380 धर्मकांटों का निरीक्षण किया गया, जिनमें से बिना वैध सत्यापन के संचालित पाए गए 79 धर्मकांटों को जब्त किया गया। अभियान के तहत प्रदेशभर में कुल रू. 10,95,000 का जुर्माना लगाया गया।

अभियान के दौरान दौसा जिले के भंडारेज टोल प्लाजा पर बिना वैध सत्यापन के संचालित धर्मकांटे पाए जाने पर विभाग ने सख्त कार्रवाई की। यहां 16 धर्मकांटों को जब्त कर लिया गया ताकि बिना सत्यापन की तौल प्रणाली के माध्यम से आगे किसी भी प्रकार की संभावित अनियमितता को रोका जा सके। टोल प्लाजा पर भारी वाहनों से लिए जाने वाले टोल शुल्क का निर्धारण कई बार वाहन के वजन एवं संबंधित टोल नियमों के आधार पर किया जाता है। ऐसे में यदि तौल उपकरण का वैध सत्यापन नहीं हुआ है तो उसकी माप की शुद्धता सुनिश्चित नहीं मानी जा सकती। गलत तौल के कारण वाहन का वजन वास्तविक वजन से अधिक दर्ज होने पर वाहन स्वामी से निर्धारित शुल्क से अधिक टोल वसूले जाने की आशंका रहती है। इसके अतिरिक्त, गलत तौल से परिवहन लागत, मालभाड़े और अन्य वजन-आधारित भुगतानों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसी प्रकार की संभावित अनियमितताओं को रोकने, तौल में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और उपभोक्ताओं एवं वाहन स्वामियों के आर्थिक हितों की रक्षा के लिए विभाग द्वारा यह विशेष अभियान चलाया गया।

विधिक मापविज्ञान प्रकोष्ठ ने स्पष्ट किया है कि सभी धर्मकांटों एवं तौल उपकरणों का नियमानुसार वैध सत्यापन कराया जाना आवश्यक है। बिना वैध सत्यापन के तौल उपकरणों का उपयोग करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

भैरों सिंह शेखावत की जयंती पर दोहिते अभिमन्यु सिंह राजवी ने शेयर किया दिलचस्प किस्सा



जयपुर/एजेंसी। राजस्थान की राजनीति के पुरोधा और जन-जन के चहेते बाबोसा के रूप में ख्याति प्राप्त करने वाले प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भैरों सिंह शेखावत की 23 अक्टूबर 2026 को 103वीं जयंती मनाई जा रही है। इस अवसर पर उन्हें पूरे प्रदेश में आदर के साथ याद किया जा रहा है। उनकी जयंती के पावन मौके पर उनके दोहिते अभिमन्यु सिंह राजवी ने सोशल मीडिया पर एक बहुत ही भावुक और दिलचस्प संस्मरण साझा किया है। उन्होंने अपने नानोसा के साथ बिताए बचपन के दिनों की एक मजेदार घटना का जिक्र किया है। इस पोस्ट में उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने और उनके भाई-बहनों ने मुख्यमंत्री आवास के भीतर यानी सीधे नानोसा के बेडरूम में ही धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया था और उनकी मांग सिर्फ एक फरूटी हुआ करती थी। अभिमन्यु सिंह राजवी द्वारा शेयर किए गए इस संस्मरण में राजस्थान की पुरानी राजनीतिक हलचलों, सिविल लाइन्स स्थित मुख्यमंत्री आवास के माहौल और भैरों सिंह शेखावत के एक सख्त राजनेता के साथ-साथ एक बेहद संवेदनशील और स्नेही नाना होने के रूप को बहुत ही खूबसूरती से दर्शाया गया है। अपनी सोशल मीडिया पोस्ट की शुरुआत करते हुए अभिमन्यु सिंह राजवी ने लिखा कि उनका बचपन मुख्यमंत्री निवास में ही बीता था। उस दौर के हालात का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि जब वे बहुत छोटे थे, तब राजेंद्र मिर्धा अपहरणकांड और उसके बाद जयपुर में आतंकवादियों के एनकाउंटर जैसी घटनाओं के चलते सुरक्षा कारणों से उनका अधिकांश बचपन सुरक्षा गार्ड्स और आरएसी के कमांडोज के घेरे में घर के भीतर ही बीता था।

सिविल लाइन्स स्थित आठ नंबर बंगला ही उस समय उनकी पूरी दुनिया हुआ करती थी। सुरक्षाकर्मी और सीएमओ का स्टाफ ही उनके दोस्त थे। उन्हीं के साथ क्रिकेट खेलना और सीएम हाउस में यहां-वहां घूमना उनकी दिनचर्या थी। उस दौरान उन्हें सबसे ज्यादा मजा तब आता था जब सीएम हाउस के बाहर कोई धरना-प्रदर्शन होता था। वे संतरी की चौकी में जाते और कोई उन्हें गोद में उठा लेता ताकि वे बाहर चल रही नारेबाजी और प्रदर्शन को साफ-साफ देख सकें।

दौसा-मनोहरपुर नेशनल हाईवे पर भीषण हादसा, गहरी खाई में गिरी कार, 4 श्रद्धालुओं की मौत




जयपुर/एजेंसी। राजस्थान में दौसा–मनोहरपुर नेशनल हाईवे–148 पर रायसर के पास शुक्रवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। टायर फटने से अनियंत्रित हुई कार सड़क किनारे खाई में जा गिरी। हादसे में कार सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख–पुकार मच गई। जानकारी के अनुसार कार सवार सभी श्रद्धालु खाटूश्यामजी के दर्शन कर वापस आगरा लौट रहे थे। तभी सुबह करीब 6.30 बजे रायसर थाना क्षेत्र में दौसा–मनोहरपुर एनएच–148 पर कार का टायर फट गया और कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे के सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला और एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया। वहीं, मृतकों के शवों को सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। रायसर थाना प्रभारी राजपाल सिंह ने बताया कि कार का टायर फटने के कारण हादसा हुआ। कार के गहरी खाई में गिरने से आगरा निवासी अतुल, मुकुल, रुपेश और शिवा की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, राहुल और अर्पित गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को कार से बाहर निकाला। घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जमवारामगढ़ थाना क्षेत्र में हुए भीषण सड़क हादसे के बाद मनोहरपुर–दौसा नेशनल हाईवे लंबा जाम लग गया। घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जमवारामगढ़ थाना क्षेत्र में हुए भीषण सड़क हादसे के बाद मनोहरपुर–दौसा नेशनल हाईवे लंबा जाम लग गया। करीब एक घंटे तक हाईवे पर जाम के हालात बने रहे। हाईवे पर दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गई। ऐसे में वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। घायलों को अस्पताल पहुंचाने के बाद पुलिस ने यातायात व्यवस्था संभाली। क्रेन की मदद से कार को हटवाया गया। इधर, राजस्थान के दौसा जिले में दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार तड़के सड़क हादसा हो गया।

दिल्ली से कोटा जा रहा लोडिंग टेंपो एक्सप्रेसवे से उतरकर खाई में पलट गया। हादसे में पांच लोग घायल हो गए। सभी घायल कोटा के रहने वाले है, ये लोग मेले में झूला लगाने का करते काम है। हादसे में घायल नूरजहां, ज्याकत अली, कुणाल, अजय व चालक विजयपाल का दौसा जिला अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस के मुताबिक चालक को नींद की झपकी आने के कारण सड़क हादसा हुआ।

1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक पात्र नागरिक जुड़वा सकते हैं मतदाता सूची में अपना नाम



जयपुर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने हेतु पात्र 18–19 आयु वर्ग के युवाओं सहित अन्य छुटे हुए पात्र नागरिकों के लिए 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2026 तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी संदेश नायक ने उक्त अभियान को गति प्रदान करने के उद्देश्य से सभी विधानसभा क्षेत्रों के ईआरओ के साथ शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार 18–19 आयु वर्ग के युवाओं सहित अन्य छुटे हुए नागरिकों को मताधिकार प्रदान करने के उद्देश्य से फार्म 6 भरवाकर उनके नाम मतदाता सूची में जोड़ने का काम जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा निरंतर किया जा रहा है।

उन्होंने सभी ईआरओ को निर्देशित किया है कि वे उनके क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में क्लस्टर कैंप आयोजित कर बीएलओ के माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में मतदाता सूची हेतु पात्र 18–19 आयु वर्ग के युवाओं को ऑफलाइन एवं https://voters.eci.gov.in/ के माध्यम से ऑनलाइन फार्म अनिवार्य रूप से भरवाएँ।

कृषि आदानों की गुणवत्ता जांच में राजस्थान सरकार की ऐतिहासिक पहल

जयपुर। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की भ्रष्टाचार के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' की नीति की अनुपालना में कृषि विभाग ने किसानों के हितों की सुरक्षा, कृषि आदानों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा कृषि क्षेत्र में पारदर्शिता एवं जवाबदेही को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की है।

कृषि विभाग ने प्रदेश में बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक रसायनों के नमूनों की जांच प्रक्रिया को अधिक निष्पक्ष, गोपनीय, पारदर्शी एवं तकनीक आधारित बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को पंत कृषि भवन में कृषि विभाग, राजस्थान सरकार एवं भारतीय डाक विभाग (राजस्थान परिमण्डल) के मध्य एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) साइन किया गया।

इस समझौते के माध्यम से कृषि आदानों के नमूने एकत्र करने से लेकर उन्हें प्रयोगशालाओं तक पहुंचाने, परीक्षण करने तथा जांच परिणाम जारी करने की प्रक्रिया को डिजिटल एवं व्यवस्थित बनाया जाएगा। इस पहल की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि नमूना लेने वाले निरीक्षक को यह जानकारी नहीं होगी कि नमूना किस प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा जाएगा और प्रयोगशाला को भी संबंधित डीलर अथवा निर्माता की पहचान की जानकारी नहीं होगी।

Rajasthan State Road Development And Constrution Corporaction Ltd., Jaipur.

निविदा सूचना/2026-27

निम्नलिखित कार्य के लिए केन्द्र / राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों एवं उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है:-

कार्य का विवरण	कार्य की कुल अनुमानित लागत (रू.)	निविदा सूचना संख्या
RConstruction work upgradation GNMTC into B.Sc. Nursing College., Alwar. UBN: RRC2627WSOB00711	706.81 Lakh	ई-303.44 26-27
Internal Electrification work in District Hospital, Ramganjmandi, District Kota.UBN: RRC2627WSOB00717	397.38 Lakh	अल्पकालीन ई-434/ 26-27
SITC of CCTV Cameras, Walki-Talkie System and Installation & Flap Barrier System Panic Alarm System at RHC, Jodhpur. UBN: RRC2627WSOB00715	457.76 Lakh	ई-436/ 26-27

निविदा से सम्बन्धित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईट: http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.nic.inतथा http://pwd.rajasthan.gov.in/rsrdcपर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.inपर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। महाप्रबंधक

No.NIT/2026-2718693-8705 Date: 23.10.2026

राजस्थान आवासन मण्डल

क्रमांक :- आ.अभि./ खण्ड-II/2026-27/426 दिनांक :- 22/10/2026

निविदा सूचना संख्या : 03/2026-27

मालवीय नगर आवासीय योजना में सेक्टर-11 में Repair & Maintenance of Flats (Flat No. 11/1024) Malviya Nagar, Jaipur हेतु इच्छुक निविदादाताओं से दिनांक 26.10.2026 से 03.11.2026 सायं: 5:00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित अन्य विवरण (http://sppp.raj.nic.in) और विभाग की वेबसाईट http://rhb.rajasthan.gov.in पर देखे जा सकते है। यू.बी.एन. नं.:- RHB2627WSOB00203

राज.संवाद/सी/26/12409 आवासीय अभियंता, खण्ड द्वितीय, जयपुर

उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्रा. लि.

CIN: U64990HR2016PTC057984

पंजीकृत कार्यालय: यूनिट 2009-14, 20वीं मंज़िल, मैग्नम ग्लोबल पार्क, गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड, सेक्टर-58, गुरुग्राम (हरियाणा)-122011

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा आम जनता को तथा विशेष रूप से कर्जदार(ओं)/सह-कर्जदार(ओं)/जमानतदार(ओं) को सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का भौतिक कब्जा मै. उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्रा. लिमिटेड (प्रतिभूत लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा दिनांक 15.10.2026 को ले लिया गया है। प्रतिभूत/बंधक आस्तियों की बिक्री ई-नीलामी के माध्यम से "जैसा है जहाँ है", "जैसा है जो है" तथा "जो कुछ भी वहाँ है" के आधार पर की जाएगी।

एतद्द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि हम HTTPS://WWW.BANKEAUCTIONS.COM के माध्यम से सार्वजनिक ई-नीलामी आयोजित करने जा रहे हैं।

संपत्ति का विवरण:
संपत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जिसका पट्टा नं. 50, मिसल नं. 50, दिनांक 23-11-2021, संकल्प नं. 02, माप 171.11 वर्ग गज, स्थित ग्राम पथाका, ग्राम पंचायत दुदानवाल, पंचायत समिति नगर, जिला भरतपुर, राजस्थान। **सीमाएँ- पूर्व-** करतार का मकान **पश्चिम-** आम रास्ता **उत्तर-** परशुराम का मकान **दक्षिण-** हरि का मकान

कर्जदार/जमानतदार का नाम एवं पता	1. नीलामी की दिनांक एवं समय 2. ईएमडी जमा करने की अंतिम दिनांक 3. संपत्ति निरीक्षण की दिनांक एवं समय	1. आरक्षित मूल्य 2. संपत्ति की ईएमडी 3. बोली वृद्धि राशि
1. राजवीर पुत्र मुरारी (कर्जदार) 2. बबीता कुम्हार पत्नी राजवीर (सह-कर्जदार) 3. मुरारी पुत्र बुद्धा (सह-कर्जदार) सभी निवासी- पथाका, दुनावल, भरतपुर, राजस्थान-321205 लोन खाता सं. LXALW02822-230017715 एवं LXALW04423-240034580 ऋण अनुबंध दिनांक: 27-जून-22 एवं 29-फर.-24 ऋण राशि: रु. 4,00,000/- + रु. 1,00,000/- कुल बकाया राशि रु. 8,28,807.17/- दिनांक 14-अक्टू.-2026 तक + 15-अक्टू.-2026 से आगे का ब्याज एवं अन्य शुल्क।	1) नीलामी दिनांक- 30.11.2026 पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक, 5 मिनट के असीमित विस्तार सहित 2) केवाईसी सहित ईएमडी जमा करने की अंतिम दिनांक 27.11.2026 सायं 5:00 बजे (IST) तक 3) निरीक्षण की दिनांक: 25.11.2026 पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक (IST)	आरक्षित मूल्य: रु. 6,72,000/- अग्रिम धनराशि जमा (ईएमडी): रु. 67,200/- बोली वृद्धि राशि रु. 10,000/- एवं इसके गुणकों में।

नीलामी के नियम एवं शर्तें
बोली दस्तावेज़, घोषणा पत्र तथा ऑनलाइन ई-नीलामी बिक्री के सामान्य नियम एवं शर्तें सेवा प्रदाता की वेबसाइट https://www.bankeauctions.com पर उपलब्ध हैं। इच्छुक बोलीदाता सहायता नं. 7291981124,25,26 एवं श्री भाविक पंड्या 8866682937, सहायता ईमेल आईडी: support@bankeauctions.com (सेवा प्रदाता सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) अथवा auction@ummeedhfc.in पर संपर्क कर सकते हैं तथा संपत्ति संबंधी किसी भी जानकारी के लिए उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्रा. लि. से संपर्क नं. **18002026127** पर संपर्क कर सकते हैं। इच्छुक बोलीदाता को ईएमडी राशि डीडी/पे ऑर्डर/NEFT/RTGS के माध्यम से उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्रा. लि. के पक्ष में खाता सं. 50200021387303, IFSC- HDFC0003906 में ईएमडी की निर्धारित दिनांक एवं समय तक या उससे पूर्व जमा करनी होगी।

दिनांक: 24-अक्टू.-2026 ह./- प्राधिकृत अधिकारी, संपर्क टोल फ्री नं. 1800-2026-127
स्थान: गुरुग्राम, हरियाणा कृते उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्रा. लि.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, **सम्पादक अमृत जैन के लिये,** यंगलीडर प्रेस से मुद्रित 2073, चाकसू का चौक, घी वालों का रास्ता, जौहरी बाजार, जयपुर से प्रकाशित। **मो. 9868155089, 9829193560 फोन नं.** 0141-2570653 (RNI No. RAJHIN/2004/12833)